हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–115 : जौनपुर, सोमवार 02 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सभी जिलों में क्रियाशील हो आईसीयू : कहीं न हो दवाओं और विशेषज्ञों की कमी –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अफसरों को निर्देश दिया कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। विगत दिनों मॉक ड्रिल में जो भी कमियां मिली हैं, उनमें तत्काल सुधार किया जाए। कोविड काल में सरकार ने हर जिले में आईसीयू स्थापित किये हैं, उन्हें क्रियाशील रखा जाए। हर आईसीयू में एनेस्थेटिक व अन्य स्पेशलिस्ट चिकित्सकों और टेक्नीशियन की उपलब्धता हो। आक्सीजन प्लांट पर तीन टेक्नीशियन तैनात होने चाहिए। मुख्यमंत्री सोमवार को प्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अथवा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता, पैरामेडिकल स्टाफ की समुचित उपलब्धता की गहनता से परख कर ली जाए। कहीं भी किसी प्रकार की कमी न हो। अस्पतालों द्वारा अपने स्तर पर भी मॉक ड्रिल किया जाए। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि कोविड काल के पिछले दो–ढाई वर्ष की अवधि में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में अस्थायी तौर पर कार्मिकों की तैनाती की गई थी। कोविड काल में अपने प्राणों की परवाह न करते हुए इनके द्वारा किया गया दायित्व निर्वहन प्रेरणास्पद है और सेवाभावना सराहनीय है। इन कार्मिकों की इस सेवावधि की भविष्य में होने वाली नियुक्तियों में गणना की जाए। ऐसे कार्मिकों को वरीयता दी जाए। इस संबंध में स्पष्ट नियमावली तैयार की जाए। नौ लाख छह हजार से ज्यादा टेस्ट किए गए उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में बढ़ते कोविड–19 के संक्रमण के बीच उत्तर प्रदेश की स्थिति सामान्य है। दिसंबर माह में 09 लाख 06 हजार से अधिक टेस्ट किए गए, जिसमें 103 केस की पुष्टि हुई। इस अवधि में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.01: दर्ज की गई। वर्तमान में प्रदेश में कुल 49 एक्टिव केस हैं। विगत 24 घंटों में 42 हजार से अधिक टेस्ट किए गए। यह समय सतर्क और सावधान रहने का है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक कोविड वैक्सीनेशन करने वाला राज्य है। वर्तमान में प्रदेश में 11 लाख से अधिक डोज उपलब्ध है। मांग के अनुरूप वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता के लिए भारत सरकार से सतत संपर्क बनाए रखा जाए। कोविड संक्रमण से बचाव में टीके की उपयोगिता स्वयंसिद्ध है। प्रीकॉशन डोज लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। इसमें तेजी की आवश्यकता है। लोगों को मास्क लगाने के लिए जागरूक करें मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संभव है आने वाले कुछ दिनों में नए केस में बढ़ोतरी हो, ऐसे में हमें अलर्ट रहना होगा। यह समय घबराने का नहीं, सतर्क और सावधान रहने का है। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को एक्टिव करें। कोविड के नए वैरिएंट पर सतत नजर रखी जाए। जो भी नए केस मिले, उनकी जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। दैनिक टेस्टिंग को बढ़ाया जाए। गंभीर, असाध्य रोग से ग्रस्त लोगों, बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। कोविड काल में सेवा देने वाले सभी अस्थायी/आउटसोर्सिंग



कार्मिकों को बकाया मानदेय का भुगतान तत्काल कराया जाए। यदि शासन/विभाग से भुगतान होने के बाद संबंधित एजेंसी द्वारा कार्मिक को भुगतान नहीं किया है तो ऐसे प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए बकाया भुगतान कराया जाए। सेवा के बाद मानदेय कार्मिक का अधिकार है, इसका भुगतान समय पर ही होना चाहिए। किसानों का भुगतान यथाशीघ्र किया जाए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में धान खरीद की प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 6.50 लाख किसानों से 41 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हो चुकी है। 8400 करोड़ की इस खरीद के सापेक्ष वर्तमान में बकाये 6700 करोड़ का भुगतान किसानों के बैंक खाते में किया जा चुका है। अवशेष 1700 करोड़ का यथाशीघ्र भुगतान करा दिया जाए। प्रदेश के सभी जिलों में डीएपी और यूरिया की उपलब्धता पर नजर रखी जाए। कहीं भी खाद की कमी न हो। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत विगत दिनों बाराबंकी जनपद में एक दिवसीय निवेशक व निर्यातक सम्मेलन आयोजित किया गया था। बाराबंकी के यह प्रयास अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्पद है। ऐसे आयोजन अन्य जिलों में भी किए जाने चाहिए। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। विगत सप्ताह प्रदेश में क्रिसमस और नववर्ष के उल्लास के बीच प्रदेश के सभी जिलों में शान्ति और सौहार्द का माहौल रहा। सुदृढ़ कानून–व्यवस्था के कारण लोगों ने सपरिवार निश्चिंत होकर इन विशिष्ट अवसरों का आनंद लिया। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। सुरक्षा का यह माहौल आगे भी बना रहे, इसके लिए पुलिस और प्रशासन को हमेशा तत्पर रहना होगा। प्रयागराज माघ मेले में कल्पवासियों और साधु–संतों की भावनाओं और आवश्यकताओं का सम्मान किया जाए। अंतर विभागीय समन्वय के साथ कार्य हो। कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, साधु–संतों, को पूर्व में मिलने वाली सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। पुलिस महानिदेशक द्वारा स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण किया जाए। जिलाधिकारी रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करें शीतलहर के बीच निराश्रित जनों की सहायता के लिए प्रदेश में रैन बसेरों की स्थापना की गई है। अब तक 1200 से अधिक रैन बसेरे स्थापित किये गए हैं। जिलाधिकारीगण स्वयं रैन बसेरों की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करें। जहां आवश्यकता हो सुधार कराएं। ठंढक के मौसम में सड़क पर कोई भी व्यक्ति सोता हुआ नजर न आए। हर जरूरतमंद को रैन बसेरे की सुविधा उपलब्ध हो। निराश्रित, जरूरतमंद लोगों को अब तक 2.86 लाख कंबल वितरित किये जा चुके हैं। यह क्रम आगे भी जारी रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कंबल आदि राहत सामग्री का वितरण स्थानीय सांसद/विधायक/स्थानीय निकाय चेयरमैन आदि जनप्रतिनिधियों द्वारा ही किया जाएगा। उक्त अवसर पर प्रशासन के अधिकारी सहायतार्थ उपस्थित रहेंगे। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के समुचित प्रबंध हों। प्रधानमंत्री जी द्वारा आगामी 13 जनवरी को वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक सबसे बड़े रिवर क्रूज टूरिज्म के सबसे लंबे रिवर क्रूज 'गंगा विलास इपिक' हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगें। यात्रा के सम्बंध में आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।

## जनपद जौनपुर के विभिन्न एरिया व नगर पालिकाओं हेतु नोटिफाईड क्षेत्रों में वर्ष 2023 में साप्ताहिक बन्दी का दिन घोषित

जौनपुर सू.वि. : सहायक श्रम आयुक्त गौतम गिरी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 की धारा 8(2) में दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के अन्तर्गत साप्ताहिक बन्दी का प्राविधान है तथा उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली, 1963 के नियम 6 के अन्तर्गत जनपद जौनपुर के विभिन्न एरिया/नगर पालिकाओं नोटिफाईड क्षेत्रों में वर्ष 2023 में साप्ताहिक बन्दी का दिन घोषित किया जाता है। नगर पालिका जौनपुर में साप्ताहिक बन्दी का दिन रविवार, शक्ति चालित प्रतिष्ठान में बन्दी का दिन बृहस्पतिवार, तहसील मड़ियाहूँ में साप्ताहिक बन्दी का दिन बृहस्पतिवार, शक्ति चालित प्रतिष्ठान में बन्दी का दिन बृहस्पतिवार, तहसील केराकत में साप्ताहिक बन्दी का दिन रविवार, शक्ति चालित प्रतिष्ठान में बन्दी का दिन बृहस्पतिवार, तहसील शाहगंज में साप्ताहिक बन्दी का दिन बृहस्पतिवार, शक्ति चालित प्रतिष्ठान में बन्दी का दिन बृहस्पतिवार, तहसील मछलीशहर में साप्ताहिक बन्दी का दिन शनिवार, शक्ति चालित प्रतिष्ठान में बन्दी का दिन बृहस्पतिवार, कस्बा मुंगराबादशाहपुर में साप्ताहिक बन्दी का दिन मंगलवार, कस्बा जफराबाद में साप्ताहिक बन्दी का दिन सोमवार, कस्बा गौराबादशाहपुर, बदलापुर, चन्दवक में साप्ताहिक बन्दी का दिन बुधवार, कस्बा खेतासराय में साप्ताहिक बन्दी का दिन सोमवार, कस्बा बरईपार में साप्ताहिक बन्दी का दिन शनिवार, कस्बा रामपुर, सुजानगंज में साप्ताहिक बन्दी का दिन बृहस्पतिवार है।

## कमरतोड़ पार्किंग के सिलसिले में सफदरजंग के एमएस से मिले खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय सैनिक संस्था एनसीआर के संयोजक और दिल्ली प्रदेश नेशनल पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष राजीव जोली खोसला सफदरजंग के मेडिकल सुपरीटेंडेंट आदरणीय डॉक्टर बी एल शेरावत से मुलाकात की और उनके संज्ञान में नए महंगे पार्किंग टेंडर जो 29/12/2022 को खुला है जिसमें कार पार्किंग 2 घंटे के बाद 20 घंटा चार्ज किया जाएगा जो कि 24 घंटे में 460 होता है वह मोटरसाइकिल का 10रु/2 घंटे के बाद 10 प्रति घंटा चार्ज किया जाएगा जो कि 260 /24 घंटे की होता है जो की जरूरत से ज्यादा है जबकि ऑल इंडिया मेडिकल और ट्रामा सेंटर में वा लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल में कार वां मोटरसाइकिल पार्किंग फ्री ऑफ कॉस्ट है जबकि आर. एम. एल में मात्र 15 रु 4 घंटे के लिए जाते हैं खोसला ने उ. साहब को राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा बनवाई 14 गरम दल क्रांतिकारी वीरों की तस्वीर वाली घड़ी भी दी और उन से निवेदन किया कि कृपया इस पर इसने पार्किंग टेंडर पर शीघ्र संज्ञान लिया जाए वैसे भी करोना काल



के बाद जनता की कमर टूट चुकी है और सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए धक्के भी खाने पड़ते हैं क्योंकि निजी अस्पतालों में तो जरूरत से ज्यादा पैसे लिए जाते हैं शेरावत साहब ने आश्वासन दिया कि इस पर शीघ्र संज्ञान लिया जाएगा पैंथर्स पार्टी दिल्ली में पार्किंग के खिलाफ जनता के साथ मिलकर मुहिम को अंजाम देगी पैंथर सुप्रीमो स्वर्गीय प्रोफेसर भीम सिंह जी की न्याय अधिकार की जंग आओ मिलकर लड़े आप और हम सभी से निवेदन है कि वह हमारा साथ दें।

## थप्पड़बाज कोतवाल : इंसाफ मांगने आए पीड़ित को जड़ा थप्पड़

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पुलिस से इंसाफ मांगना बेहद मुश्किल भरा काम हो गया है। यहां न्याय के लिए गुहार पर कोतवाल का थप्पड़ मिलता है। लापता पिता का शव नहर में मिलने के बाद जब पीड़ित अफसर से न्याय की गुहार लगाने आए तो शहर कोतवाल ने पीड़ित के थप्पड़ जड़ दिया, जिससे वो नाले के किनारे जा गिरा और उसके मुंह से खून आ गया। घटना का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया जो अब जम कर वायरल हो रहा है। दरअसल पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम मझिया बखरिया निवासी रामेश्वर पुत्र बुद्धा का 10 दिन पहले गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया था।जिसके बाद वो लापता हो गए। उनके परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद रामेश्वर की गुमशुदगी की एफआईआर थाने में लिखाई थी। पीड़ित परिजनों का आरोप है पुलिस ने मामले में शिथिलता दिखाई और कोई फौरी कार्यवाही न करते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जिसके बाद शनिवार को रामेश्वर का शव जनपद लखनऊ के थाना काकोरी क्षेत्र के एक गांव निकट नहर में तैरता मिला। जिसके बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम के बाद जब पुलिस का रवैया परिजनों ने लापरवाह देखा तो अफसर की चौखट पर न्याय की गुहार लगाने हरदोई के डीएम चौराहे पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है पुलिस अगर पहले ही विपक्षीगण को हिरासत में लेकर पूछताछ करते तो शायद रामेश्वर को बचाया जा सकता था। पीड़ित परिवार न्याय की गुहार में अफसरों की चौखट पर न्याय पाने के लिए पहुंचा था लेकिन जैसे ही वह लोग बीएम चौराहे पर पहुंचे शहर कोतवाल संजय कुमार पांडे पुलिस बल के साथ वहां पर पहुंच गए। आरोप है जिसके बाद उन्होंने आए हुए पीड़ित परिजनों के साथ मारपीट भी की है। कोतवाल संजय पांडे का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें वह पीड़ित परिजन के थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं थप्पड़ इतनी जोर का था कि पीड़ित जमीन पर दूर जा गिरा और उसके मुंह से खून रिसने लगा। हालांकि अभी पुलिस अफसरों की तरफ से किसी भी तरह की कोई जवाब नहीं आया है लेकिन एक सवाल बड़ा जरूर उठ रहा है कि क्या हरदोई पुलिस से अब न्याय मांगना भी कोई गुनाह हो गया है।

## पहले से कार्ययोजना न बनने से बजट का नहीं हो पा रहा इस्तेमाल : सरेंडर करने पड़े 6772 करोड़

लखनऊ ब्यूरो : पीडब्ल्यूडी में पहले से कार्ययोजना न बनने से पूरे बजट का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। वित्त वर्ष 2021–22 में भी 6772 करोड़ रुपये सरेंडर करने पड़े थे। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि कोविड की दूसरी लहर के कारण पिछले वित्त वर्ष में पूरे बजट का इस्तेमाल नहीं हो पाया। लेकिन, इस साल तो वैसी कोई लहर नहीं, फिर भी नए कार्यों के बजट का करीब 25 फीसदी हिस्सा ही अब तक इस्तेमाल हो पाया है। शासन ने हाल ही में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को एस्टीमेट समय से प्रस्तुत न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा है कि एस्टीमेट में देरी होने से वित्तीय स्वीकृतियां जारी करना संभव नहीं हो पाता। अगर चालू वित्त वर्ष के अंत में बजट सरेंडर हुआ तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने के आग्रह के साथ बताया कि जब तक कार्ययोजना समय रहते पास नहीं कराई जाएगी, तब तक इस स्थिति में सुधार नहीं आने वाला है। पीडब्ल्यूडी की ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनच) विंग में एक वर्ष पहले कार्ययोजना स्वीकृत करा ली जाती है। इससे जैसे ही नया वित्त वर्ष प्रारंभ होता है, उस कार्ययोजना के अनुसार बजट जारी कराने के प्रयास में अधिकारी जुट जाते हैं। ये दोनों योजनाएं केंद्र सरकार के सहयोग से चलती हैं। इस तरह की व्यवस्था अभी तक पीडब्ल्यूडी के अपने मदों में आम तौर पर इस्तेमाल नहीं की जाती। यहां उसी वित्त वर्ष में प्रस्ताव फील्ड से मंगाए जाते हैं। उन्हें मुख्यालय से शासन को भेजकर उस कार्ययोजना को शासन से मंजूर कराया जाता है। इस वित्त वर्ष की भी कार्ययोजना कुछ समय पूर्व ही स्वीकृत हुई है। ऐसे में एस्टीमेट मंजूर



होने और बजट जारी होने की प्रक्रिया में देरी होना स्वाभाविक है। पिछले वित्त वर्ष में अगर अधिष्ठान मद को हटा दें तो पीडब्ल्यूडी के लिए 23562 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया था। वित्त वर्ष के अंत में इस बजट का करीब 29 फीसदी हिस्सा सरेंडर करना पड़ा था। सरेंडर किया गया बजट भवन, सेतु, सड़क और स्पेशल कम्पोनेंट प्लान मद का था। विभागीय सूत्रों का कहना है कि परियोजनाओं की मंजूरी की प्रक्रिया पूरी न हो पाने के कारण यह स्थिति पैदा हुई। सिर्फ 24 फीसदी ही बजट हुआ है जारी चालू वित्त वर्ष में भी पीडब्ल्यूडी में नव निर्माण रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। चालू वित्त वर्ष की समाप्ति में सिर्फ तीन माह बचे हैं और इस मद में प्रावधानित बजट का अभी तक 24 फीसदी हिस्सा ही जारी हो सका है। वहीं चालू कार्यों के लिए भी करीब 52 फीसदी बजट जारी हो पाया है। ऐसे में इस साल भी बजट के सरेंडर होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। जबकि, पीडब्ल्यूडी को लगातार उच्चस्तर से समय से बजट जारी करने के निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## माँ असहाय सेवा समिति द्वारा हो रहा कम्बल वितरण

प्रयागराज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : प्रयागराज में अपने सामाजिक कार्यों के लिए ख्यातिलब्ध व्यक्तित्व व प्रतापगढ़ जनपद के मूल निवासी लोक सेवा आयोग में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत इं.दुर्गेश त्रिपाठी के नेतृत्व में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नववर्ष पर कम्बल वितरण का कार्य किया जा रहा है।प्रथम दिन टीम प्रयागराज माघ मेला व श्रीमनकामेश्वर क्षेत्र में रही।टीम के लोगों ने अपेक्षित



लोगों के बीच यथा असहाय–दीन–हीन लोगों को कम्बल का वितरण किया।इस अवसर पर कम्बल वितरण के सह–संयोजक समीक्षा अधिकारी श्याम त्रिपाठी,अमित सिंह,अंकुर,आनंद व आशीष के द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।संयोजक इं.दुर्गेश ने उन सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है व उन्हें साधुवाद दिया है,जिन्होंने इस नेक कार्य में हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया है।सहसंयोजक श्याम त्रिपाठी व आशुतोष सिंह ने यह बताया कि यह कम्बल वितरण कार्यक्रम कैम्प लगाकर नहीं किया जाता है, बल्कि टीम के सदस्य रात में सड़क पर निकल कर उन्हें कम्बल देते हैं या ढकते हैं।यह कार्यक्रम 17 जनवरी तक लगातार चलेगा।इस बार 700 कम्बल वितरण का लक्ष्य है।

## अवैध गन्ना खरीद–फरोख्त करने वालों के विरूद्ध की जायेगी कठोर कार्यवाही

जौनपुर सू.वि. : उप गन्ना आयुक्त/जिला गन्ना अधिकारी ए0पी0 सिंह ने अवगत कराया है कि वर्तमान पेराई सत्र 2022–23 हेतु क्रय केन्द्रों पर गन्ने की खरीद व फरोख्त का कार्य जारी है। गन्ने की सही व शुद्ध खरीद हेतु कर्मचारियों को सख्त निर्देश जारी किये गये हैं। अवैध रूप से गन्ने की खरीद व फरोख्त करने वालों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता 3/7 के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए उप गन्ना आयुक्त/जिला गन्ना अधिकारी, अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2022–23 में कृषकों को सुचारू रूप से गन्ने की आपूर्ति करने हेतु गन्ना पर्चियां केवल एस.एम.एस. के रूप में ही उनके मोबाइल फोन पर प्रेषित की जा रही हैं जिससे वास्तविक गन्ना किसान ही अपना गन्ना तौल कर सकें। यदि कोई तौल कर्मचारी अवैध रूप से गन्ने की खरीद व फरोख्त करते/कराते हुये पाया जाता है तो उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता 3/7 के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## दिव्यांगजन के सहायतार्थ शासन द्वारा वित्तीय सहायता दिये जाने का किया गया प्राविधान

जौनपुर सू.वि. : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन के सहायतार्थ शासन द्वारा राज्य निधि से चार प्रकार की वित्तीय सहायता किये जाने का प्राविधान किया गया है। शासन के द्वारा राज्य निधि से चार मदों में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु नियमावली उपलब्ध करायी गयी है। उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजनो द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं के आयोजन हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना। उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन जिनका खेल/ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन हो उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने तथा खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। दैनिक जीवन की गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण ( High Support Need Instruments) क्रय हेतु वित्तीय सहायता। उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियो यथा–कैंसर, थैलिसिमियॉ, प्लास्टिक एनीमियॉ बहुस्केलोरोसि से ग्रसित हो तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छाति न हों को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। जनपद के सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थाएं एवं दिव्यांगजन जो इस योजना का लाभ प्राप्त करना चाहतें है वे अपने आवेदन जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में करें। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस को जिला दिव्यांगजन सशकतीकरण अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर सकतें है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

इस जन्म का पैसा अगले जन्म में काम नहीं आता लेकिन पुण्य जन्मों–जन्म में काम आता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# तालिबान का फरमान और मलाला

मलाला न केवल पाकिस्तान और कई अन्य देशों में शिक्षा पर काम कर रही हैं, बल्कि वह और उनके पिता जियाउद्दीन यूसुफजई वास्तव में अफगानिस्तान में भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

नवविवाहिता मलाला यूसुफजई जब शादी के बाद पहली बार अपने शौहर के साथ लाहौर एयरपोर्ट पर उतरी थीं, तब मैंने ट्वीट किया था, 'वेलकम बैक क्वीन'। पंजाब की प्रांतीय राजधानी में करीब हफ्ते भर के उनके प्रवास के दौरान उनके अभिभावक भी साथ थे। वह स्कूली छात्राओं को विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित और कला की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही ऑक्सफोर्ड पाकिस्तान कार्यक्रम के तहत अपने काम से भी परिचित कराने के लिए आई थीं। मलाला नोबेल से सम्मानित पाकिस्तान की दूसरी शख्स हैं। वह तीन बार पाकिस्तान आ चुकी हैं और आखिरी बार वह देश में आई भीषण बाढ़ से बुरी तरह से प्रभावित सिंध में मदद के लिए आई थीं।

लाहौर की इस यात्रा का यह मतलब भी था कि वह अपने घर स्वात नहीं जा सकेंगी, क्योंकि वहां प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक तालिबान पाकिस्तान फिर से सक्रिय हो गया है और जिसकी वजह से वहां के हालात बदतर हैं। ऐसा लगता है कि स्वात तथा उत्तरी पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में कुछ भी नहीं बदला है। मलाला को तब अपना घर छोड़ना पड़ा था, जब उग्रवादियों ने लड़कियों की शिक्षा का विरोध किया। और जब सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अपना दखल बढ़ाया, तब जीवन सामान्य स्थिति की ओर लौटने लगा। इन दिनों वहां नागरिक उग्रवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए शांति रैलियां निकाल रहे हैं और सरकार से अपने जीवन की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

मलाला न केवल पाकिस्तान और कई अन्य देशों में शिक्षा पर काम कर रही हैं, बल्कि वह और उनके पिता जियाउद्दीन यूसुफजई वास्तव में अफगानिस्तान में भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पिता और पुत्री हर संभव मंच से आवाज उठा रहे हैं और तालिबान सरकार से लड़कियों को स्कूल जाने की इजाजत देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन वास्तव में जब लड़कियों की शिक्षा की बात आती है, तो शक्ति काबुल में नहीं, बल्कि कंधार में नेतृत्व के पास होती है, जो ऐसे मामलों में निर्णय लेते हैं। मलाला ने हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और उनके कुछ मंत्रियों से न्यूयॉर्क में मुलाकात की थी। एक बहुत ही दिलचस्प वीडियो था, जिसमें मलाला ने प्रधानमंत्री को बधाई देने के लिए अपना हाथ बढ़ाया, लेकिन वह इसके बजाय प्यार से अपना हाथ उनके सिर पर रखते हैं, जैसा कि पूर्वी परंपरा है, और हाथ नहीं मिलाते हैं।

इस हफ्ते मलाला ने विपक्ष के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही से मुलाकात की, क्योंकि उनके कुछ प्रोजेक्ट्स पंजाब में भी चल रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं राजनीतिक रूप से सही होने के बारे में कभी चिंता नहीं करती। मैं सिर्फ सच के साथ होना चाहता हूं। मेरे लिए यह सबसे महत्वपूर्ण चीज है। मैं विशेषज्ञों के काम में यकीन करती हूं। हम शोध और उपलब्ध आंकड़ों को देखते हैं। जब मैं शिक्षा की वकालत करती हूं, तो हम देखते हैं कि डाटा हमें क्या बताता है।'

पाकिस्तान की ओर से भी कई बार तालिबान से कहा गया है कि कुछ अन्य मांगों को स्वीकार करने के साथ वह लड़कियों की शिक्षा को अनुमति दे, तो उसे आधिकारिक तौर पर मान्यता देने का रास्ता खुल सकता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने न्यूयॉर्क में एक इंटरव्यू में इस तरह की बात की थी। उनके अलावा विदेश राज्यमंत्री हिना रब्बानी खार ने काबुल की अपनी पहली यात्रा के दौरान ऐसा कहा था, लेकिन अफगानिस्तान के हालात देखकर लगता नहीं कि ऐसा हो पाएगा। पाकिस्तान ने तालिबान के किसी पुरुष राजनयिक को भेजे जाने पर जोर देने के बावजूद एक उच्च शिक्षित एक वरिष्ठ महिला को काबुल भेजकर स्पष्ट संदेश देने की कोशिश की। विदेश राज्यमंत्री रब्बानी जब– बिना बुर्के या चादर, जैसा कि अफगान महिलाएं पहनती हैं– सिर्फ दुपट्टा डाले काबुल हवाई अड्डे पर उतरीं, तो कई लोग हैरत में पड़ गए थे। मेरे लिए रब्बानी की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उन्होंने वहां अफगान महिला व्यवसायियों से भी मुलाकात की। वहां उन्होंने उनके साथ भोजन किया और एलान किया कि पाकिस्तान की नई व्यापार नीति में अफगान महिलाओं से आयात को प्राथमिकता दी जाएगी।

दुनिया जब भी तालिबान के साथ बातचीत करती है, तो लड़कियों की शिक्षा को हर चर्चा में सबसे ऊपर रखती है। लेकिन काबुल पर कब्जा करने के बाद से तालिबान इस मुद्दे पर जरा भी झुकने को तैयार नहीं हैं। इस बीच, अफगान के शिक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने जब लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध का एलान किया, तो दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इस पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। अगस्त, 2021 में तालिबान ने सत्ता में कब्जे के बाद लड़कियों के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। मार्च में उसने माध्यमिक स्कूलों में लड़कियों के लौटने पर प्रतिबंध लगाया।

मैं तब सही थी, जब मैंने कहा था कि मुझे कोई उम्मीद नहीं। पाकिस्तान ने निराशा व्यक्त करते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और काबुल की सत्ता से आग्रह किया है कि वह अफगान महिलाओं और छात्राओं की उच्च शिक्षा पर रोक लगाने के अपने फैसले पर फिर से विचार करे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम दृढ़ता से मानते हैं कि इस्लाम के अनुसार प्रत्येक पुरुष और महिला को शिक्षा का अंतर्निहित अधिकार है। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने विश्वविद्यालयों में महिलाओं के प्रवेश पर तालिबान के प्रतिबंध पर निराशा व्यक्त की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा, मुझे अभी भी लगता है कि काबुल और अंतरिम सरकार से संवाद के जरिये ही हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस्लामाबाद में ओआईसी की बैठक में कहा कि मेरी सबसे बड़ी चिंता यह है कि अफगानिस्तान अफरा–तफरी की ओर बढ़ रहा है।

मीडिया से बात करते हुए मलाला ने कहा, 'मैं अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों के लिए उम्मीद से भरी हुई हूं, जिसकी एक वजह अफगान महिलाओं द्वारा अभी उठाए जा रहे कदम हैं। वे हार नहीं मान रही हैं। वे सड़कों पर अपने अधिकारों के लिए नारे लगा रही हैं, और लड़कियां शिक्षा के अपने अधिकार के लिए चीख रही हैं। यह कुछ ऐसा है, जो मुझे आशा देता है।'

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## विश्व ब्राह्मण महासभा की प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : विश्व ब्राह्मण महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रधान संघ कानपुर अध्यक्ष सेन पश्चिम पारा प्रधान काजल किरन के जन्मदिवस पर गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित हो आशीर्वाद दिया। विश्व ब्राह्मण महासभा की प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया जन्म दिवस के अवसर पर समाजवादी नेता शिवपाल सिंह यादव ने आकरके उन्हें जन्मदिन की बधाई दी जन्मदिन के अवसर पर विश्व ब्राह्मण महासभा की प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मणों को सभी जातियां और वर्ग बहुत ही छोटा समझने और दबाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन अब ब्राह्मण समुदाय जा चुका है ब्राह्मणों ने हमेशा राष्ट्रहित और भारत की एकता अखंडता के लिए काम किया है सभी वर्गों को साथ में लेकर ही ब्राह्मण चलें उन्होंने कहा कि ऐसे ब्राह्मण कुल के लोगों के साथ यदि कोई किसी भी तरह का अन्याय करता है तो उससे बड़ा पाप कोई नहीं है विश्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा के नेतृत्व



में हम सभी लोग ब्राह्मणों के खिलाफ हो रहे अन्याय और अत्याचार का पुरजोर विरोध करेंगे और उनके सारे हकों की लड़ाई लड़ेंगे। विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र शुक्ला, प्रदेश संयोजक शैलेंद्र पांडे सैलू, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा रचना द्विवेदी, निर्मला पांडे, समेत प्रमुख रूप से शुभकामनाएं देने के लिए जाजमऊ सिद्दनाथ घाट के अरुण चेतन पुरी जी महाराज, पनकी मंदिर मंडलेश्वर कृष्ण दास जी महाराज, गूगल गोल्डन बाबा उपस्थित रहे साथ ही इस मौके पर उपेंद्र मिश्रा, संघप्रिय प्रजापति , सुमित कुमार मिश्रा अचिन अरोड़ा, प्रवीण सिंह चंदेल मालती पासवान सीमा शुक्ला राखी विद साधना तिवारी सौरभ श्रीवास्तव स्वामी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## बेसहारा वृद्धजनों के साथ मनाया नववर्ष– साधना तिवारी

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर घाटमपुर। समर्पण महिला उत्थान समिति की अध्यक्षसाधना तिवारी व समिति के सदस्यों के साथ नया वर्ष हमीरपुर वृद्धा आश्रम में बड़ी धूमधाम से मनाया गया वृद्धा आश्रम में लोगों को मिठाई व आवश्यक वस्तुएं भेंट कर नए वर्ष की शुभकामनाएं दी समर्पण महिला उत्थान समिति की अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि हम लोग हर वर्ष पार्टियां और बे फालतू चीजों में अपना लाखों रुपए खर्च कर देते हैं परंतु हम मैं से किसी का ध्यान बेसहारा व अनाथ लोगों पर नहीं जाता जो रुपए हम पार्टियों में कर खर्च कर देते हैं अगर हम उन रूपों का सदुपयोग किसी की मदद के लिए करेंगे तो हमें शांति प्राप्त होगी वृद्धा आश्रम में उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया गया और उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई घाटमपुर में कार्यरत समर्पण महिला



उत्थान समिति गरीब बेसहारा लोगों के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं और गरीब बेसहारा लोगों के लिए समय–समय पर मदद के लिए आगे आने का प्रयास करती है इस कार्यक्रम में अध्यक्ष साधना तिवारी रिचा शुक्ला रंजना निगम रचना द्विवेदी जय श्री नंदराम सिंह जितेंद्र सिंह पूनम तिवारी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## कानपुर में आरती व भंडारे का किया आयोजन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : 23 वर्षों से लगातार प्रेतराज सरकार जी का मुख्य दरबार लगा रहा श्री बीलींदा वाले बाला जी महाराज के सेवक आदरणीय अश्वनी कुमार तिवारी महाराज के आशीर्वाद से महाराज जी के बेटे आदरणीय अर्पित तिवारी जी के द्वारा प्रेतराज सरकार जी का भव्य दरबार सजाया गया दरबार में भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया एवं शाम को बाबा की भव्य आरती की गई आरती होने के पश्चात सभी आने जाने वाले राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से माधुरी वर्मा,संजय गुप्ता गौरव अग्निहोत्री नितेश गुप्ता प्रवीण शुक्ला मुकेश वर्मा अशोक गुप्ता आईटी राहुल साहू



आदि लोग उपस्थित रहे।

## पूजा–पाठ दुआओं के साथ जगह–जगह हुआ भंडारे का आयोजन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब नव वर्ष में अच्छे मंगलकामनाएं के लिए श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर परमट मंदिर, सिद्धनाथ धाम पनकी तपेश्वरी मंदिर संकटा माता मंदिर, नागेश्वर मंदिर आज विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ अपने नववर्ष की शुरुआत की नव वर्ष के उपलक्ष में कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में तथा दोसर वैश्य बिहारी जी मंडल के तत्वाधान में अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय सांसद सत्यदेव पचौरी, तथा विधायकसलिल विश्नोई अमिताभ बाजपेई सुरेश अवस्थी संत मिश्रा गौरव तिवारी कृपाशंकर त्रिवेदी प्रदीप गुप्ता अचल गुप्ता आशीष मिश्रा आदर्श गुप्ता विराट गुप्ता




दीपक अग्रवाल सुशील गुप्ता राकेश सिंह रोशन लाल अरोड़ा आदि शहर के विभिन्न गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ने मंदिर जा रही वृद्धा को मारी टक्कर : बाल बाल बची वृद्ध महिला

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली– (हरदोई) : सोमवार की सुबह को कस्बे के मोहल्ला आजादनगर की एक महिला पंथवारी देवी मंदिर पर पूजा करने जा रही थी कि उसी दौरान गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह जख्मी हो गयी। घायल महिला उर्मिला (65) पत्नी राधेश्याम पाण्डेय हररोज की भांति सुबह मंदिर पर पूजा करने जाया करती थी। आज जब वह घर से पूजा करने के लिए मंदिर जाने को निकली उसी समय बस स्टॉप चौराहे पर तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे राहगीरों ने आनन–फानन में पीएचसी पर पहुंचाया गया। वहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया गया। थाना प्रभारी राजकुमार पाण्डेय ने बताया घटना संज्ञान में है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।



## पांच जनवरी तक और तीखे होंगे गलन भरी ठंड के तेवर : मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

लखनऊ ब्यूरो : जनवरी के पहले सप्ताह में गलन भरी ठंड के तेवर और तीखे होने जा रहे हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में पांच जनवरी तक शीतलहर और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों को ऑरेंज व कुछ को येलो अलर्ट पर रखा है। रविवार को भी दिन और रात के तापमान में दर्ज हुए कम अंतर, घने कोहरे और भरपूर गलन ने पहाड़ों सी बर्फीली ठंड से बेहाल किया। मेरठ प्रदेश में सर्वाधिक ठंडा रहा। मेरठ में दिन का न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि झांसी में 5.6 और मुजफ्फरनगर में 6.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं दिन का अधिकतम तापमान इन शहरों में क्रमशः 16.2, 18.3 और 12.8 डिग्री रहा। वाराणसी, बलिया, बहराइच भी ठंडे स्थान रहे। यहां दिन का अधिकतम तापमान 14 से 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक, पांच जनवरी तक प्रदेश के कई हिस्सों में घना कोहरा रहने, कोल्ड–डे और कोल्ड वेव की स्थितियां बनी रहेंगी। सीतापुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर, बिजनौर, अमरोहा, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं में कहीं ज्यादा तो कहीं



सिर्फ ठंडे दिनों की चेतावनी जारी की गई है। यहां अत्यधिक घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, एसकेनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात और कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बंदाऊं और आसपास के इलाकों में अत्यधिक घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। लखनऊ समेत कई अन्य जिलों में भी घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है।

## छात्रों के जहर खाने की खबर से मचा हड़कंप : अस्पताल में किया गया भर्ती

अंबेडकरनगर ब्यूरो : राजकीय मेडिकल कॉलेज सदरपुर के लगभग आधा दर्जन छात्रों को इमरजेंसी में भर्ती कराना पड़ा है। चर्चा है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन के रवैए से तंग आकर संबंधित छात्रों ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालांकि मौके पर पहुंचे एसओ अलीगंज विजेंद्र शर्मा ने बताया कि जहर खाने जैसा कोई मामला फिलहाल सामने नहीं आया है। बच्चे भर्ती जरूर किए गए हैं। मेडिकल कॉलेज में सोमवार दोपहर बाद एक के बाद कई छात्रों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टी आदि के बाद फौरन मेडिकल कालेज की ही इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। बताते चलें कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन के रवैए को लेकर छात्र छात्राओं ने आंदोलन छेड़ रखा है। इस बीच यह नया घटनाक्रम सामने आया है। भर्ती छात्रों को देखने के लिए अस्पताल में छात्र–छात्राओं की भीड़ लग गई। मेडिकल कॉलेज में छात्र



छात्राओं ने एकजुट होकर हंगामा किया है। उनका कहना है कि बीते दिनों कॉलेज प्रशासन की हुई शिकायत से नाराज होकर 2021 बैच के 46 छात्रों को आज से शुरू हुई परीक्षा में भाग नहीं लेने दिया गया। आरोप है कि कम उपस्थिति होने का हवाला देकर इन छात्र छात्राओं को अनुमति न देने से ही आधा दर्जन छात्र सदमे में चले गए। मामले की जानकारी पर एसडीएम टांडा दीपक वर्मा और सीओ संतोष कुमार भी पहुंच गए हैं।

## गल्ला व्यापारी पिता–पुत्र और कर्मी को असलहे की नोक पर बंधक बनाकर मांगी रंगदारी : मुकदमा दर्ज

बहराइच ब्यूरो : बहराइच शहर के गल्ला व्यापारी के यहां हथियारों से लैस बदमाशों ने गल्ला व्यापारी और उसके कर्मी की कनपटी पर बंदूक लगाकर रंगदारी मांगी। छत से आए पुत्र को भी बंधक बना लिया। इसके बाद सभी फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी मिलते ही एएसपी नगर के साथ तीन थानों की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुलासे के लिए तीन टीम गठित की गई हैं। कोतवाली देहात के शिव नगर मोहल्ला में गोंडा रोड पर गल्ला व्यापारी आलोक कुमार बथवाल की दुकान है। रविवार रात को व्यापारी नानपारा निवासी अपने कर्मी अमित के साथ बैठा था तभी हथियारों से लैस पांच बदमाश पहुंच गए। सभी ने व्यापारी और उसके कर्मी को बंधक बना लिया। दोनों को दुकान में ही बंद कर दिया। इसके बाद रंगदारी मांगने लगे। व्यापारी ने अवकाश का दिन होने और सन्नाटा होने की बात कही। इस पर सभी बंदूक लगाकर जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान गल्ला व्यापारी का पुत्र आ गया। उसे भी सभी ने



बंधक बनाकर रंगदारी मांगी। इसके बाद सभी चले गए। बदमाशों की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी व्यापारी ने पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कोतवाली नगर, देहात और दरगाह थाने की पुलिस के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से जांच की। व्यापारी और कर्मचारी का बयान दर्ज किया। सीओ सिटी ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है।

## ठंडक के चलते भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने वितरित की चाय

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने नव वर्ष के मौके पर आज दूसरे दिन ठंडक के चलते राहगीरों को चाय वितरण की। भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने कहा कि इस भीषण ठंड के चलते हम सब लोग को कुछ न कुछ मदद जरूर करना चाहिए जिसके चलते आज भाजपा नेता ने मंगली पुरवा फाटक स्थित आवास पर राहगीरों को चाय वितरण किया। भाजपा नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा सभी की मदद की है कोरोना काल में सभी तक हर संभव मदद पहुँचाने का कार्य किया है। भाजपा सरकार



ने हमेशा हर भूखे तक अन्न पहुँचाने का कार्य किया है।

## प्रेमलता कटियार के जन्मदिन पर रानीघाट चौराहे पर तहरी व चाय का किया गया वितरण

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज रानी घाट चौराहे पर उत्तर प्रदेश की वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री मा. प्रेमलता कटियार जी के जन्मदिन के अवसर पर आनंद गुप्ता द्वारा तहरी वा चाय का वितरण आनंद गुप्ता द्वारा किया गया भाजपा पार्टी के नेता शिवांग मिश्रा, हरीश चंद्र गुप्ता आनंद गुप्ता,के के तिवारी विपिन



अवस्थी,अंकित अग्निहोत्री आदि लोग उपस्थित रहे!

# भाजपा नेत्री स्व. किरन श्रीवास्तव ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया–सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा नेत्री स्व. किरन श्रीवास्तव ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया, उनका इस दुनिया से जाना संगठन व पूरे जनपद जौनपुर के लिए अपूर्ण क्षति है। उक्त विचार राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने मंगलम लान मियांपुर में आयोजित स्मृतिशेष श्रीमती किरन श्रीवास्तव के प्रथम पुण्यतिथि व श्रंद्धाजलि सभा में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा। सांसद श्याम सिंह यादव ने कहा कि किरन जी एक अच्छी समाजसेवी व कर्मठ नेत्री थी। सामाजिक कार्यो में उनकी विशेष रुचि रहा करती थी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द यादव ने कहा कि किरन जी पार्टी के प्रति समर्पित रहती थी। उनका जिले की हर सामाजिक व धार्मिक कार्यो में अहम विशेष योगदान रहता था। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि किरन जी के साथ संगठन में कार्य करने का अनुभव बेहद ही अच्छा रहा, जो भी कार्य उन्हें सौपा गया और उन्हें जिस भी क्षेत्र में संगठन द्वारा भेजा गया उन्हेंनो वो कार्य बहुत ही सरलता एवं समर्पण के साथ किया। उनका जाना हमारे संगठन के लिए अपूर्ण क्षति है। एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहा कि किरन जी ने अपने सेवा भाव के बल पर समाज में काफी लोकप्रियता हासिल किया था। उक्त श्रंद्धाजलि सभा में विभिन्न दलों के राजनीतिक नेताओं व सामाजिक संगठनों के लोगो ने श्रंद्धाजलि दिया। शोक संवेदना पत्र लिखकर भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चन्द श्रीवास्तव ने कहा कि किरन जी भाजपा की एक सच्ची सिपाही थी उनके त्याग व बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता मैं पूरे काशी क्षेत्र भाजपा के तरफ से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि आज यहाँ उपस्थिति विभिन्न राजनीतिक दलों की सैकड़ो लोगों की भीड़ यह दर्शाती हैं कि उन्होंने समाजहित में कार्य किया था उनकी कमी आज समाज को खल रही हैं। पूर्व विधायक डॉ हरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मेरे जिला संयोजक कार्यकाल में किरन श्रीवास्तव जी ने बड़ी संख्या में महिलाओं को संगठन से जोड़कर भाजपा को मजबूती दी थी। सपा नेता शकील अहमद ने कहा कि कोई भी त्योहार हो किसी धर्म का त्योहार हो किरन श्रीवास्तव जी किसी न किसी माध्यम से समाजसेवा करती रहती थी। व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल ने कहा कि किरन जी बिजनेस, व्यापार करने वाले लोगो के भी दुखदर्द में साथ खड़ी रहती थी। समाज मे उनकी एक अलग पहचान थी। बसपा नेता व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर दिनेश टण्डन ने कहा कि किरन जी इतनी सरल थी कि चुनाव प्रचार में भी कभी मुलाकात




हो जाती थी तो ये नहीं लगता था कि हम लोग एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि उनकी जिले के साथ–साथ प्रदेश संगठन में भी काफी लोकप्रियता थी। मछलीशहर भाजपा जिलाध्यक्ष राम विलास पाल ने कहा कि मुझे भी किरन जी के साथ कार्य करने का मौका मिला था उनकी मेहनत व लगन देखकर प्रेरणा मिलती थी। नगर पालिका आजमगढ़ की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि किरन एक महान महिला थी, महिलाओं को देखते ही उनका दुःख समझ जाती थी व निवारण हेतु लग जाती थी। श्रंद्धाजलि सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार उपाध्याय, महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्या, वरिष्ठ नेता डॉ दिनेश सिंह बब्बू, दीवानी अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री जय प्रकाश सिंह कामरेड, सुरेंद्र सिंघानिया, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष भूपेश सिंह, संतोष त्रिपाठी, ब्रम्हेश शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव, सरस चन्द श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता सुभाष कुशवाहा, शिक्षक नेता संतोष सिंह, वरिष्ठ नेता सुभाष अग्रहरि, कवि प्रखर जी ने भी सम्बोधित करते हुए अपना अपना श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विचार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर 51 महिलाओं को श्रीमती किरन श्रीवास्तव फाउंडेशन ट्रस्ट के तरफ से साड़ी वितरण किया गया। श्रंद्धाजलि सभा में दयाशंकर निगम, मधुकर तिवारी, पीयूष गुप्ता, सुशील मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, एडवोकेट रविन्द्र नारायण सिंह, वरिष्ठ कवि जी, वरिष्ठ पत्रकार विनोद तिवारी, आनंद मोहन श्रीवास्तव, एससी लाल श्रीवास्तव, श्याम रतन, परविंद चौहान, कांग्रेस नेता विकेश सिंह विक्की,ग्रामीण पत्रकार असोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना पत्रकार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ के पूर्व अध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, विमला श्रीवास्तव, डॉ अंजू सिंह, सोमेश्वर केसरवानी, राधे रमण जायसवाल, भाजपा नेता कृष्ण कुमार जायसवाल मुन्नू, आशीष गुप्ता आशु, महेंद्र गुप्ता, मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह खरचु, करंजाकला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मम्मन यादव, यशवंत शाहू, माधुरी गुप्ता, गौरव श्रीवास्तव, डॉ अशोक अस्थाना, दयाल सरन, अमित गुप्ता मनोज अग्रहरि, डॉ रजनीश श्रीवास्तव, डॉ विनोद कन्नौजिया सहित हजारो लोगो ने अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में आये हुए लोगो का आभार आयोजक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने व्यक्त किया किया।

# जौनपुर लायंस क्लब क्षितिज द्वारा दिव्यांगजनों के सहायतार्थ एक बिजनेस एक्सपो मेला राजमहल मे संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नव वर्ष पर लायंस क्लब क्षितिज द्वारा दिव्यांगजनों के सहायतार्थ एक बिजनेस एक्सपो मेला दिनाँक 1 जनवरी को राजमहल मे आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321 ई के मंडल अध्यक्ष श्री सौरभ कांत जी व लायंस क्लब क्षितिज के संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू व अध्यक्ष विष्णु सहाय के द्वारा किया गया। मंडल अध्यक्ष द्वारा सारे स्टाल का भ्रमण किया गया। बिजनेस एक्सपो मेले में चुनिंदा ब्रांड के ऑटो स्टाल, इलेक्ट्रॉनिक स्टॉल, फूड स्टॉल, बुटीक स्टॉल, गेम्स, बच्चों के झूले, घुड़सवारी आदि रहे। मेले मे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक्सपो मेले में दिन भर लोगों की भीड़ रही।एक्सपो मेले में बुद्धा मोटर स्टॉल से दो ई बाइक व पाठक होंडा से एक बाइक की बिक्री हुई और बाकी सभी स्थानों पर दिनभर ढेर सारी इंक्वायरी बनी रहे। दिव्यांग बच्चों को जो मेले में आए हुए उन्हें टिफिन बाटी गई। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक अध्यक्ष शशांक



सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का प्रायोजन गहना कोठी ने किया। कार्यक्रम में मनीष गुप्ता, मुस्तफा जी, अजीत सोनकर, देव आनन्द, दिलीप सिंह ,अतुल सिंह, जय कृष्ण साहू , संजय गुप्ता ,संजय बैंकर, वैभव श्रीवास्तव, हसन अब्बास, अभिषेक गुप्ता, मनीष मौर्य, विनय बरोतिया , सुनील जायसवाल, कौशल त्रिपाठी, डॉ चंदन, सुनील कनौजिया, हाफिज, नीरज सिंह, रत्नेश जी, राजेश किशोर, आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अतुल सिंह व हर्षित गुप्ता के द्वारा किया गया।

# आज से खुलेगा इलाहाबाद विवि : महापंचायत की तैयारी में जुटे छात्र : तनाव बढ़ने की आशंका

प्रयागराज ब्यूरो : छात्रों और सुरक्षा गार्डों के बीच हुई भिड़ंत के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) दो जनवरी से खुलने जा रहा है। छात्र नेताओं ने 12 जनवरी को छात्र महापंचायत की घोषणा कर रखी है। सोमवार से विश्वविद्यालय खुलने पर छात्र क्लास कैंपेनिंग शुरू करेंगे। वहीं, परिसर में छात्रों के जुटने पर तनाव बढ़ने की आशंका है। सुरक्षा गार्डों की ओर से छात्रों पर किए गए हमले के बाद विश्वविद्यालय परिसर में जमकर तोड़फोड़ और आगजनी हुई थी। छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय और पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम दिया था कि दोषी सुरक्षा गार्डों को गिरफ्तार कर जेल भेज जाए और सिक्योरिटी एजेंसी का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। छात्रों की कोई मांग पूरी नहीं हुई है, बल्कि छात्र नेताओं पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज होने से तनाव बढ़ गया है। सुरक्षा गार्ड और छात्र आमने–सामने न आएं, इसके लिए घटना के बाद ही विश्वविद्यालय के सभी मेन गेट और अफसरों के दफ्तरों के बाहर तैनात सुरक्षा गार्डों को हटा लिया गया था। छात्रसंघ भवन के सामने वाला गेट पूरी तरह से पुलिस फोर्स के हवाले किया जा चुका है। अब तक वहां सुरक्षा गार्डों को तैनात नहीं किया गया है। उधर, छात्र नेताओं ने छात्रसंघ बहाली, फीस वृद्धि और छात्रों पर हुए हमले के मामले में 12 जनवरी को छात्रसंघ भवन के सामने छात्र महापंचायत के आयोजन की घोषणा कर रखी है। आंदोलन कर नेतृत्व कर रहे अजय यादव सम्राट का कहना है कि सोमवार से विश्वविद्यालय खुलने पर छात्र महापंचायत के लिए दिन में क्लास कैंपेनिंग और शाम को डेलीगेसी कैंपेनिंग की जाएगी।

# नये वर्ष पर स्कॉलर्स होम का एक अनूठा प्रयास

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ, 1 जनवरी गोमतीनगर स्थित स्कॉलर्स होम द कम्पलीट स्कूल में वर्ष 2023 की – शुरुआत एक अनुपम पहल से हुई, छात्रों ने लखनऊ शहर के ओल्ड एज होम समर्पण और – विकलांग बच्चों के स्कूल चेतना का दौरा किया। समर्पण आश्रम में रह रहे



वृद्धजनों के साथ छात्रों ने जीवंत वार्तालाप की छात्रों द्वारा गाये गए मधुर गीतों ने उनको मंत्रमुग्ध कर दिया। वृद्धजनों द्वारा दी गई अपूरणीय सलाहों के बीच छात्रों ने उनके सान्निध्य में अपना समय सार्थक रूप से व्यतीत किया। उनकी भावनाओं को समझा। चेतना में, बच्चों के साथ छात्र स्वतंत्र रूप से घुलमिल गए। चेतना की छात्राओं की दिल को लेने वाली प्रस्तुति ने सभी को हैरत में डाल दिया। दोनों ही स्थानों पर छात्रों द्वारा प्यार से गर्म कंबल और ऊनी कपड़े भेंट किए गए विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए स्वादिष्ट स्नैक्स का रसास्वादन कर छात्रों की भूरी–भूरी प्रशंसा की। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती सरिता जायसवाल ने कहा छात्रों को सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी निभाना चाहिए, हमारा प्रयास बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ उन्हें संवेदनशील, परोपकारी तथा समाजसेवी बनाना भी है। प्रधानाचार्या सुश्री प्रियंका भारद्वाज की अध्यक्षता में स्टाफ और छात्रों ने बुजुर्गों और युवाओं दोनों के साथ मिलकर उनके साथ घनिष्ठ संबंध बनाए। वह अपने विद्यार्थियों को बड़ों और बच्चों के साथ सहजता से घुलते–मिलते देखकर बहुत खुश हुई। वास्तव में एक अनूठा प्रयास!

# पाइपलाइन तोड़ने वाली टेलीकॉम कंपनी पर होगी एफआईआर

लखनऊ ब्यूरो : लालबाग क्षेत्र में मेथोडिस्ट चर्च के पास पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त करने के मामले में जलकल विभाग निजी टेलीकॉम कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएगा। साथ ही हर्जाने के रूप में सड़क की मरम्मत पर खर्च हुए सात लाख रुपये भी वसूल करेगा। तीन दिन पहले लालबाग क्षेत्र में सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया था। जांच में पता चला कि पानी की पाइपलाइन टूटने से सड़क धंसी है। जांच में पता चला कि एक निजी टेलीकॉम कंपनी ने केबल डालने के लिए रोड कटिंग की। इस दौरान पाइपलाइन को तोड़ दिया और उसकी मरम्मत किए बिना ही भाग गई। पानी रिसने पर सड़क धंस गई। इसके चलते दो दिन तक इलाके की करीब 20 हजार की आबादी को पेयजल संकट से भी जूझना पड़ा। महाप्रबंधक जल कल राम कैलाश ने बताया कि मरम्मत पर साल लाख से अधिक का खर्च आया है। पाइपलाइन तोड़ने में जिस टेलीकाम कंपनी का नाम सामने आया है, उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इसको लेकर नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश भी दिए हैं।

# कथा कथित ढंग से लगा बैनर देखकर भड़के शिक्षणोत्तर कर्मचारी संघ अध्यक्ष

जौनपुर पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को सुबह जब सभी कर्मचारी अपने कार्यालय आए तो देखा कि एक अन्य संगठन के नाम से बैनर लगा हुआ था। संयुक्त मोर्चा के नाम से




बैनर लगा देख कर के शिक्षण उत्तर कर्मचारी संघ पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने आक्रोशित हो गए और अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह की अगुवाई में उस बैनर को उतार कर फेंक दिया और कहां की पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एक ही कर्मचारी संघ है और एक ही रहेगा। और अध्यक्ष नंदकिशोर ने कहा कि ऐसे लोगों को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# नहीं सुलझा शंकराचार्य विवाद : विकल्प तलाशने की उम्मीद

प्रयागराज ब्यूरो : पंचक उतरने के बाद भी ज्योतिष्पीठ की भूमि सुविधाओं का पेच नहीं सुलझ सका है। सुप्रीमकोर्ट के आदेश के अनुपालन में मेला प्रशासन ने इस बार ज्योतिष्पीठ की भूमि आरक्षित कर ली है। हालांकि विकल्प के तौर में वद्रिकाश्रम, हिमालय के नाम से ज्योतिष्पीठ की भूमि आवंटित करने



की सहमति बनी है, लेकिन पता प्रयागराज का दिए जाने से संत भूमि पूजन के लिए राजी नहीं हैं। सोमवार को इस मसले का हल निकाले जाने की उम्मीद है। माघ मेले में ज्योतिष्पीठ के भूमि आवंटन पर 31 दिसंबर के बाद फैसला होना था। पंचक शनिवार को ही उतर गया , लेकिन रविवार की शाम तक मेला प्रशासन और संतों के बीच इस मसले पर वार्ता नहीं हो सकी थी। ज्योतिष्पीठ के प्रतिनिधि ब्रह्मचारी श्रीधरानंद का कहना था कि जबतक ज्योतिष्पीठ की भूमि आवंटित नहीं होगी, तब तक वह मेला में प्रवेश नहीं करेंगे। उधर, मेलाधिकारी अरविंद चौहान ने दोहराया कि ज्योतिष्पीठ के मामले में कोर्ट के आदेश का अनुपालन किया जा रहा है। इसका रास्ता भी सुझाया गया है। संतों से सोमवार को वार्ता की जाएगी, ताकि समाधान निकल सके।

# थाना शाहगंज पुलिस ने 05 चोरी की मोटर साईकिल के साथ एक शातिर चोर शनि गौतम को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 01.01.2023 को प्रभारी निरीक्षक शाहगंज सदानन्द राय एवं हमराही कर्मचारीगण द्वारा नव वर्ष के दृष्टीगत की जा रही सघन चेकिंग के दौरान एक शातिर चोर शनि गौतम पुत्र लालमन गौतम निवासी अहिराना थाना पवई जनपद आजमगढ को एक मोटर साईकिल के साथ चिरैयामोड़ शाहगंज से गिरफ्तार किया गया। उक्त मो0सा0 के संबंध में अभिलेखों के मिलान से वाहन संख्या न्च 50ब् ।3026 स्प्लेन्डर प्लस के संबंध में मु0अ0सं0 345/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत होना पाया गया। अभियुक्त शनि गौतम उपरोक्त से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि इसके द्वारा पूर्व में थाना क्षेत्र में कई मोटर साईकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है । अभियुक्त शनि गौतम उपरोक्त से की गयी पूछताछ के आधार पर उसकी निशादेही पर उसके घर से अन्य 04 चोरी की मोटर साईकिलों को बरामद किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 002/2023 धारा 41/411/414/420 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता– 1.शनि गौतम पुत्र लालमन गौतम निवासी अहीराना थाना पवई जनपद आजमगढ' बरामदगी का विवरण– 1.स्प्लेन्डर प्लस रजि0 नं0 UP 50CA3026 2.सुपर स्प्लेन्डर रजि0 नं0 UP62AY7043 3.HF DELUXE UP62BP9025 4.HF DELUXE




UP50BE9302 5.सुपर स्प्लेन्डर UP50AF 0359 अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 345/2022 धारा 379/411 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 002/2023 धारा 41/411/414/420 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1.प्रभारी निरीक्षक श्री सदानन्द राय थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.मु0आ0 सलीम खान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर । 3.आरक्षी बृजेश मिश्रा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर । 4.आरक्षी विनोद यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर । 5.आरक्षी विकेश चौहान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर । 6.आरक्षी अनिल कुमार निषाद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 7.आरक्षी कुन्दन कुमार थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 8.चालक मु0आ0 मनोज कुमार चौबे थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

# उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्य प्रगति की ली जानकारी

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के साथ उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन के विभिन्न कक्षाओं एवं लैब का विस्तार से निरीक्षण कर राजकीय निर्माण निगम के एक्स ई एन आर के सिंह को निर्देशित किया कि इस महीने की आखिरी तक शैक्षणिक भवन 05 पांचवे तल की ढलाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्ल्स बाथरूम के फिनिशिंग का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएं। जिलाधिकारी ने ओपीडी बिल्डिंग के निरीक्षण के दौरान बेसमेंट में फार्मा लैब को 03 दिन के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने माइनर ओ0टी0 कक्ष के फालसिलिंग और टाइल्स का कार्य पूर्ण कराकर 15 दिन के भीतर हैण्डओवर करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एक्स0ई0एन0 आर0के0 सिंह को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराएं और जो भी सामग्री



का प्रयोग किया जा रहा है वो गुणवत्तापूर्ण रहे। परिसर में तालाब एवं खेल के मैदान को भी जल्द से जल्द तैयार करने को कहा। एक्स0ई0एन0 विद्युत को निर्देश दिया कि बिजली की समस्या न होने पाए। निरीक्षण में टाटा कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर पी0एन0 सिंह, मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ0 शिवकुमार, डॉ0 अवनीश तिवारी, डॉ0 जाफरी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# नए साल पर उमड़ी बेतहाशा भीड़ : हाथी पार्क में मची भगदड़ में कई बच्चे–महिलाएं चोटिल

प्रयागराज ब्यूरो : संगमनगरी में वर्ष 2023 की नई सुबह उम्मीदों का ज्वार लेकर आई। नए विहान के स्वागत में शहर उमड़ पड़ा। दिन के दो बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। बावजूद इसके संगम पर मकर संक्रांति के स्नान पर्व जैसा जन सागर हिलोरें मारता रहा। हाथी पार्क में प्रवेश के लिए धक्कामुक्की के दौरान भगड़ मचने से कई महिलाएं–बच्चे गिरकर घायल हो गए।कड़ाके की ठंड के बावजूद त्रिवेणी तट पर लोग नई सुबह के स्वागत में पौ फटने से पहले ही उमड़ पड़े। इस दौरान तिल रखने तक की जगह नहीं बची। शाम तक रेला उमड़ता रहा। नए सपनों, संकल्पों के साथ संगम के शहर में रविवार को लोगों ने नए साल के पहले दिन का दिल खोलकर स्वागत किया। न्यू ईयर सेलिब्रेशन का ऐसा उत्साह वर्षों बाद नजर आया। सुबह लोगों ने सबसे पहले त्रिवेणी संगम पर हाजिरी लगाई। गंगा, यमुना और विलुप्त सरस्वती के तट पर तीर्थपुरोहितों ने शंखध्वनि के साथ मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर आरती उतारी। यहां गंगा–यमुना की लहरों पर प्रवासी पक्षियों के इतराते–इठलाते झुंड के बीच लोगों ने नए संकल्प लिए। उद्यान विभाग ने आजाद पार्क में देर शाम तक 35 हजार टिकटों की बिक्री की पुष्टि की। उधर, आनंद भवन संग्रहालय में 3661 टिकट बिके। आनंद भवन के डिप्टी डायरेक्टर मोहम्मद खालिद अंसारी ने बताया कि शाम को अचानक भीड़ उमड़ पड़ी। इसी तरह खुसरो बाग, मिंटो पार्क, भरद्वाज मुनि आश्रम में भी तिल रखने की जगह नहीं थी। इसी तरह इलाहाबाद संग्रहालय में वैदिक कालीन संस्कृति के अवशेषों से लेकर आधुनिक काल तक के 70 हजार से अधिक कला संग्रहों को निहारने के लिए दिन भर बच्चों, युवाओं की भीड़ लगी रही। मंदिरों से लेकर गिरजाघरों तक प्रार्थना के लिए लंबी कतारें मां गंगा, वेणी माधव और बड़े हनुमान से सुख, समृद्धि की कामना के साथ दिन भर अभिषेक किया जाता रहा। इस दौरान त्रिवेणी तट पर दुग्धाभिषेक, आरती और अर्घ्य देकर नए वर्ष के मंगल की कामना की गई। साथ ही मंदिरों में शीश नवाकर साल के प्रथम दिन की शुरुआत करने के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। उधर, पत्थर गिरजाघर समेत शहर के चर्चों में सुबह मसीही समुदाय के लोगों ने सामूहिक प्रार्थनाएं कीं। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर और अक्षयवट, पातालपुरी, अलोप शंकरी देवी, कल्याणी देवी, मां ललिता देवी के मंदिरों में हाजिरी लगाकर नए साल की शुरुआत की। न्यायविद् हनुमान और हनुमत निकेतन मंदिरों में रात तक लोगों की भीड़ लगी रही। संगम से लेकर वेणी माधव तक हुए अनुष्ठान साल के पहले दिन अनुष्ठानों का भी खूब सिलसिला चला। हर किसी ने एक–दूसरे को न्यू ईयर वेलकम कहकर गले लगाया तो देर शाम तक व्हाट्सएप और फेसबुक के जरिए बधाईयां देने का सिलसिला जोरों से चलता रहा। साल के पहले दिन लगाया शिविर, बांटी गई निःशुल्क दवाएं माघ मेला क्षेत्र में भारत विकास परिषद और अंतश फाउंडेशन की ओर से नव वर्ष के मौके पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सुबह नौ बजे से शुरू हुए शिविर में काफी संख्या में लोगों ने आकर वहां मौजूद चिकित्सकों से परामर्श लिए। इस दौरान तमाम लोगों को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। बांध स्थित लेटे हुए हुनमान जी के मंदिर के पास लगा शिविर स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डा. वीके मिश्र की देखरेख में हुआ। यहां डा. विनोद पाडेंय, डा. आरके सिंह, डा. रामसिया सिंह, डा. ईशान्या राज, डा. सुमित पटेल, डा. विश्वदीप केसरवानी, डा. अरुणिशा जायसवाल ने तकरीबन 400 मरीजों को उचित परामर्श दिया। इसके पूर्व शिविर का शुभारंभ इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव, महंत बलबीर गिरि ने किया। पार्षद आशीष गुप्ता ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों द्वारा काफी लोगों को फ्री में दवाई भी की गई। इस दौरान भारत विकास परिषद प्रयाग प्रांत के संरक्षक शिवनंदन गुप्ता, अध्यक्ष निशा जायसवाल, महासचिव सुनील धवन, वीके मित्तल, नागेन्द्र सिंह , अमित श्याम, वीपी गुप्ता आदि मौजूद रहे। नए वर्ष पर नागवासुकि मंदिर में शिव महापुराण नागवासुकि मंदिर में नए वर्ष के मौके पर शिव महापुराण कथा में शिव महिमा का बखान किया गया। रविवार को पहले दिन व्यास गद्दी से आचार्य अजय ने भक्तों के बीच संगीतमय शिव की महिमा का वर्णन किया। आयोजन समिति के सदस्य रामजी पांडेय ने बताया की शिव महापुराण की कथा प्रतिदिन दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी। सात दिवसीय आयोजन की पूर्णाहुति आठ जनवरी को होगी। समापन पर प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

# 47 आईपीएस अफसरों को मिली पदोन्नति : एसएसपी से डीआईजी बने मुनिराज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नये वर्ष पर एसएसपी मुनिराज सहित सैंतालिस आईपीएस अफसरों को तोहफा मिला।वर्ष 2022 के अंतिम दिन और 2023 के आगमन के बीच यूपी सरकार ने 47 आईपीएस अफसरों को नए साल का तोहफा देते हुये प्रमोशन लिस्ट जारी किया। प्रमोशन की लिस्ट में एसएसपी मुनिराज का नाम भी शामिल हैं जिनकी पदोन्नति एसएसपी से डीआईजी पद पर हुई है।इसी तरह यूपी में आईपीएस अफसरों के प्रमोशन लिस्ट में भगवान स्वरूप और अमित चंद्रा का नाम भी शामिल हैं जो एडीजी बने बनाए गए हैं। उनके अलावा आरके भारद्वाज, उपेंद्र अग्रवाल, रविंद्र गौड़ की पदोन्नति आईजी पद पर हुई हैं।जबकि दीपक कुमार, सुभाष चंद्र दुबे, अखिलेश कुमार भी आईजी बनाए गए हैं।वही जौनपुर जिले में एसपी पद पर तैनात अजय साहनी,बरेली जिले में एसएसपी पद पर तैनात अखिलेश चौरसिया,अयोध्या जिले में एसएसपी पद पर तैनात मुनिराज जी, केशव चौधरी,अनीस अहमद अंसारी,एस चिनप्पा, दिनेश कुमार पी,बब्लू कुमार डीआईजी बने हैं।इसी तरह आईपीएस राजीव नारायण मिश्र सहित 31आईपीएस अफसरों को सलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन देकर सरकार ने इन अफसरों को नए साल का तोहफा दिया।

## रामपथ चौड़ीकरण समाधान व निराकरण हेतु लगाया जाएगा कैंप : दो जनवरी से पंद्रह जनवरी तक तुलसी उद्यान में लगेगा कैम्प

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारी व उद्यमियों की समस्याओं तथा उनकी सुरक्षा विषयक प्रकरणों के त्वरित निस्तारण कराए जाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक कर उनके समस्याओं व सुरक्षा विषयक प्रकरणों पर चर्चा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को व्यापारी बंधुओं की समस्याओं का सुगमता के साथ त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराने के निर्देश दिए बैठक में जिलाधिकारी ने रामपथ के चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारियों/दुकानदारों की समस्याओं/शंकाओं को गंभीरतापूर्वक एक–एक करके सुना तथा उनकी शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया तथा उनकी समस्याओं को निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 02 जनवरी 2023 से 15 जनवरी 2023 तक तुलसी उद्यान, अयोध्या में राम पथ व भक्ति पथ के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण से प्रभावित दुकानदारों/भूस्वामियों की समस्याओं/शंकाओं के समाधान व निराकरण हेतु कैंप लगाया जाएगा जिसमें सभी संबंधित विभागों के सक्षम अधिकारियों द्वारा भक्ति पथ व राम पथ के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण से संबंधित दुकानदारों व भूस्वामियों की समस्याओं/शंकाओं को सुनकर उनका समाधान/निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं/ पर्यटकों की नियमित बढ़ती संख्या व उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अयोध्या को एक विश्व स्तरीय धार्मिक एवं पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने के दृष्टिगत राम पथ, भक्ति पथ, राम जन्म भूमि पथ तथा धर्म पथ को स्मार्ट रोड के रूप में बनाने व उसमें उपलब्ध होने वाली आधुनिक सुविधाओं की विस्तत जानकारी भी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी रामपथ व भक्ति पथ के दोनों तरफ के दुकानदारों मकान मालिकों से मार्ग की निर्धारित चौड़ाई के बाहर ही अर्थात अपनी भूमि में ही छज्जा व सीढ़ी बनाने/निकालने के निर्देश दिए। इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा नगर पालिका परिषद रुदौली में मार्गों को खोदकर सीवर लाइन डालकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से मार्गो को न बनाए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नगर निकाय इकाई जल निगम उत्तर प्रदेश को 15 दिनों के भीतर सभी मार्गों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन अमित सिंह, एडीएम नगर सलिल कुमार पटेल, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर वीरेंद्र नारायण वर्मा, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर आलोक कुमार, डीएसओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा में किसी भी स्तर पर नहीं होनी चाहिए गड़बड़ी –गुलाब देवी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शनिवार को अयोध्या दौरे पर पहुंची माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ आगामी यूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा को सुचारू रूप से नकलमुक्त सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा की तैयारियों को लेकर संयुक्त शिक्षा निदेशक अरविंद पाण्डेय व जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय को निर्देश दिये कि परीक्षा व्यवस्था में कहीं कोई गड़बड़ी किसी भी स्तर पर नहीं होनी चाहिये। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि वह नये साल के प्रारंभ में अपने विभागीय बैठक लेने आई हैं। उन्होंने बैठक में 2023 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिए परीक्षाओं को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अधिकारियों को यह स्पष्ट कहा गया है कि परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिये। यदि अव्यवस्था का प्रयास हुआ तो दोषियों को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों को लेकर परिस्थितियों का अवलोकन किया जा रहा है। मंत्री गुलाब देवी ने बताया कि वह नये साल में अयोध्या दर्शन और रंग महल में आयोजित महोत्सव में भागीदारी करने आई हैं।

# नववर्ष का पहला मिनट : अयोध्या महोत्सव का परिवेश हनुमान चालीसा से हो गया गुंजायमान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नववर्ष का पहला मिनट, अयोध्या महोत्सव का परिवेश हनुमान चालीसा से गुंजायमान हो गया। संकटमोचन हनुमान जी का स्मरण करके जनसमूह ने सभी प्रकार के कष्टों के निवारण की कामना की। प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की वंदना ने वातावरण में अध्यात्मिक उर्जा का संचार कर दिया। घूमर, चकरी व हरियाणा के लोकनृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगो का मनोरंजन किया। महोत्सव के प्रांगण में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें देश के कोने कोने आये पहेलवानों ने अपना दमखम दिखाया। प्रख्यात पहेलवानों में रंजीत हरिणाणा, बागा पंजाब, अशोक दिल्ली, प्रदीप चंडीगढ़, ओमकार कुरुक्षेत्र हरियाणा, छोटा भीम गोरखपुर, गुरुर चरन बाराबंकी, सौरभदास हनुमानगढ़ी, अशोक हनुमानगढ़ी, अनुज दिल्ली, चन्द्र प्रकाश राजस्थान, नागेन्द्रदास हनुमानगढ़ी व गूंगा हरियाणा ने अपने दांव पेच से दर्शकों को अचम्भित कर दिया। देश के बड़े बड़े पहेलवानों की कला का प्रदर्शन देख दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो गये। विजयी पहेलवानों को अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत बलरामदास जी महाराज, अवध विश्वविद्यालय के चीफ प्राक्टर अजय प्रताप सिंह व अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने पुरस्कृत किया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि कुश्ती के क्षेत्र में युवाओं का रुझान बढ़ रहा है। वर्तमान में इनकी प्रतिभा में निखार लाने की आवश्यकता है। ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन से लेकर रेसलिंग की दुनिया में भी भारतीय पहलवान दस्तक दे रहे है। कार्यक्रम का संयोजन बलवीर सिंह ने किया। अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने बताया कि अयोध्या की संस्कृति व संस्कार हमें मर्यादा व अनुशासन में रहने की शिक्षा देते है। राम के आदर्श यहां के कण कण में समाहित है। आस्था, आध्यात्म की प्रज्जवलित ज्योति के माध्यम से नववर्ष का स्वागत किया गया। हमारी लोकनृत्य, परम्पराओं व कला के प्रदर्शन ने महोत्सव के भीतर मौजूद लोगो का मनोरंजन करने के लिए इसके प्रति जुड़ाव रखने के लिए प्रेरित किया। महोत्सव में आयोजित विशाल दंगल में उपस्थित देश के विख्यात पहेलवानों की उपस्थिति ने यहां के खिलाड़ियों को प्रेरणा दी। अयोध्या ग्रामीण परिवेश में मौजूद खिलाड़ियों के लिए यह अवसर भी था कुछ नया सीखने का। उन्होने बताया कि 2 जनवरी को अयोध्या महोत्सव में कला साधक सम्मान समारोह एवं अवध में राम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रात्रि आठ बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के विख्यात कवियों की रचनाएं दर्शको को सुनने हेतु उपलब्ध रहेंगी। जिसमें यमुना प्रसाद उपाध्याय, दिनेश बांवरा, शम्भू शिखर, बिहारी लाल अम्बर, विनीता चौहान, अर्चना द्विवेदी, अरुण द्विवेदी, वन्दना शुक्ला, रामायणधर द्विवेदी, अनुजेन्द्र त्रिपाठी, निखिल उपाध्याय, दुर्गेश श्रीवास्तव निर्भीक, सुनीता पाठक आभा, दुर्गेश पाण्डेय दुलर्भ जैसे कवियों की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर आकाश अग्रवाल, नाहिद कैफ, मोहित मिश्रा, रवि चौधरी, रेगन सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, ऋचा उपाध्याय की उपस्थिति रही।

# डीआईजी कार्यालय में तैनात वाचक के सेवानिवृत्त होने पर डीआईजी ने उज्जवल भविष्य की कामना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में तैनात वाचक रामाश्रय के सेवानिवृत्ति के अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने सम्मेलन कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया।इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त रामाश्रय को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित करते हुये उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना किया।इस मौके पर उन्होंने उनके द्वारा किये गये कर्तव्य निष्ठा की सराहना किया।इस अवसर पर इस कार्यालय में तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रामाश्रय को



माल्यार्पण करते हुए उपहार देकर बधाई दिया।इस मौके पर रणजीत यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# कैंट रेलवे स्टेशन के ई–रिक्शा चालकों व कार पार्किंग कर्मचारियों में हुई मारपीट : पुलिस बनी रही तमाशाबीन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रविवार को कैंट रेलवे स्टेशन के बाहर एक बार फिर से ई–रिक्शा चालकों और कार पार्किंग वसूली में लगे कर्मचारियों के बीच जमकर मारपीट हुई।मारपीट के चलते मची भगदड़ में कई रेलयात्री भी चोटिल हुते है।वही इस मौके पर मौजूद रही पुलिस तमाशबीन रही।स्थानीय लोगों के मुताबिक इससे पहले भी कार पार्किंग कर्मचारी इससे पहले भी इस तरह की घटना कर चुके है।कुछ दिन पहले भी इसी तरह की घटना का शिकार सिविल वर्दी में आरपीएफ का एक सिपाही हो गया था।।जिसकी नगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज हुई थी।वही तीन दिन पहले हुई इस तरह की घटना में यात्रा से वापस आ रहे दो लड़कों को इन लोगों ने मार कर लहुलुहान किया था।मजे की बात तो यह है कि अयोध्या कैंट स्टेशन पर लगे डॉयल 112 के कैंप के सामने दो गुटों में हुये मारपीट के समय कैंप में बैठे पुलिसकर्मी तमाशाबीन बने रहे।

## नव वर्ष पर पहले दिन दिन मंदिरों व पार्कों में उमड़ा जनसैलाब : सुरक्षा को लेकर खुद कमान संभाले दिखे एसएसपी मुनिराज

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)नव वर्ष के आगमन पर कोहरा व हाड़ कंपाने वाली ठंड हवा के बावजूद शहर वासियों की भारी संख्या में भीड़ सभी जगह दिखाई दे रही थी।यह भीड़ भारी संख्या में शहर के प्रमुख मंदिरों, होटलों, उद्यान, रेस्टोरेंट सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर दिखाई दे रही थी।इसके अलावा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों ने हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से नव वर्ष का स्वागत किया।नव वर्ष के पहले दिन अयोध्या में हनुमान गढ़ी, कनक भवन,जानकी महल ट्रस्ट,राम जन्म भूमि परिसर, नागेश्वर नाथ मंदिर, देवकाली मंदिर, हनुमान गढ़ी नाका, हनुमान गढ़ी रिकाबगंज चौराहा,मरी माता मंदिर, हनुमान गढ़ी रीडगंज सहित प्रमुख मंदिरों पर भारी संख्या में लोगों ने जाकर दर्शन कर नव वर्ष की मंगलमय होने की कामना किया।इन जगहों पर बड़े बुजुर्गो के अलावा महिलाओं, लड़कियों, छोटे छोटे बच्चों व अन्य श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ दिखाई दे रही थी।वही इसी कड़ी में महिलाओं, छोटे छोटे बच्चों व भारी संख्या में अन्य लोगों की भीड़ राम की पैड़ी, कंपनी गार्डन, गुलाब बाड़ी सहित शहर के अधिकतर होटलों, रेस्टोरेंट सहित अन्य जगहों पर भारी संख्या में लोगों की भारी संख्या में भीड़ दिखाई दे रही थी।अगर देखा जाय तो राम नगरी में साल के पहले दिन आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।इन जगहों पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर नव वर्ष का जश्न अपने अपने तरीके से मनाते हुये दिखाई दे रहे थे।कोई अपने परिवार के साथ यहा पर नव वर्ष के पहले दिन जश्न मना रहा था तो कोई अपने मित्रो के साथ।वही वर्ष के प्रथम दिन भगवान के आशीर्वाद से लोग शुरू कर रहे थे।भगवान राम लला हनुमानगढ़ी समेत राम नगरी के मठ मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दे रही थी।इसके लिये पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये हुये थे। जिसके चलते अधिकतर मंदिरों के आसपास पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग किया गया था।जिसके चलते शहर में रूट डायवर्जन लागू किया गया था। वही इस दौरान अराजक तत्वों से निपटने के पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिख रही थी।सादे व वर्दी में महिला समेत पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी।इन सुरक्षाकर्मियों की तैनाती भीड़ भाड़ वाले सभी पार्कों, मंदिरों, पार्कों व अन्य सभी रेस्टोरेंट, होटल व अन्य चौराहे पर की गई थी।वही सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत जानने के लिये एसएसपी मुनिराज ने एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह,सीओ सिटी व सीओ अयोध्या के साथ साथ सीओ यातायात व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ शहर के सभी स्थानों, मंदिरों व पार्कों पर पैदल गस्त करते हुये वहां पर मौजूद लोगों से खुद बात करते हुये दिखाई दे रहे थे।वही पुलिस कर्मियों को सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये दिखाई दिये। वही इसी कड़ी में नव वर्ष के पहले दिन अयोध्या पुलिस का मानवीय चेहरा उस समय सामने आया जब हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन के दौरान एक युवक बेहोश हो गया।इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना कोतवाली अयोध्या प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा ने अपने टीम के साथ बेहोश युवक को आनन–फानन में गोद में लेकर हनुमानगढ़ी की लगभग 100 सीढ़ियां नीचे उतरे।वही एंबुलेंस पहुंचने में देर होने पर प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा ने अपनी गाड़ी से युवक को श्री राम अस्पताल पहुंचाया। उक्त युवक की पुष्टि रोहित गुप्ता पुत्र राज कुमार गुप्ता बलिया जिले के थाना उत्तरी पट्टी नव वर्ष के मौके पर अयोध्या दर्शन पूजन करने पहुंचा था।

## अवध विश्वविद्यालय में नववर्ष के प्रथम प्रभात पर कराया गया योगाभ्यास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में नववर्ष के प्रथम प्रभात पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को योगिक विज्ञान द्वारा आयोजित वर्चुअल योगाभ्यास सरल कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल एवं शिक्षक योगाभ्यास की बारीकियों से प्रशिक्षित हुए। योगिक विज्ञान के योगाचार्य आलोक तिवारी ने ओम के उच्चारण से योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके उपरांत शिक्षकों व अधिकारियों को उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम, बज्रासन, कपालभाति, शीतकारी, श्वासन, शलभासन सहित अन्य आसनों का योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास के पहले विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि योग सही जीवन जीना सीखाता है। इसे अपनी दिनचर्या में लाने से शरीर, मन और आत्मा में संतुलन बनता है। इससे शारीरिक मास पेशियां सुचारू रूप से कार्य करने लगती है। कुलपति प्रो0 प्रतिभा ने कहा कि योग में शरीर के सभी प्रकार के विकारों को दूर करने की क्षमता है। नियमित योग से आन्तरिक खुशी के साथ आनन्द की अनुभूति प्राप्त होती है और इससे मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों मुनियों के अनमोल उपहार के रूप में योग दिया है। आज सभी को इनके शास्त्रों में वर्णित सद्मार्ग पर चलने की जरूरत है। अंत में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार व समाज राष्ट्रहित की दिशा में भरपूर योगदान दे। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ नववर्ष मंगलमय हो। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा, खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो0 एसएस मिश्र ने बताया कि इस योगाभ्यास से विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों के मानसिक स्वास्थ्य को क्रियाशील रखा जा सकता है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। योग के निरन्तर अभ्यास से ही शारीरिक विकारों से छुटकारा पा सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन आलोक तिवारी ने किया। इस अवसर प्रो0 चयन कुमार मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 अनिल कुमार मिश्र, डॉ0 सिंधु सिंह, डॉ0 दिनेश कुमार सिंह, गायत्री वर्मा, अनुराग सोनी, डॉ0 अवधेश दीक्षित, डॉ0 लोकेन्द्र सिंह उमराव, डॉ0 कपिलदेव सहित अन्य शिक्षक व अधिकारी उपस्थित रहे।

## हिन्दू महासभा हस्ताक्षर अभियान को अयोध्या के धर्माचार्यों का मिला समर्थन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में महासभा नेताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल ने श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम लला और हनुमानगढ़ी में भगवान हनुमान के दर्शन कर अयोध्या के धर्माचार्यों से भेंटवार्ता की।प्रतिनिधि मण्डल में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह , राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता , हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष राम लाल आर्य , हरिओम गोलू , सीमा गुप्ता आदि नेता शामिल रहे। श्रीराम जन्मभूमि पर हिन्दू महासभा नेताओं ने भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया । धर्माचार्यों से भेंटवार्ता में हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान में सहयोग और समर्थन मांगा। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास जी महाराज ने हस्ताक्षर पुस्तिका पर अपने हस्ताक्षर कर हिन्दू महासभा के हस्ताक्षर अभियान का पूर्ण समर्थन किया और भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग की। अयोध्या के धर्माचार्य जीयर स्वामी करपात्री जी महाराज ने भी हस्ताक्षर अभियान का समर्थन कर हस्ताक्षर अभियान में अपने हस्ताक्षर किए । उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में हस्ताक्षर अभियान को ऐतिहासिक अभियान घोषित किया । वीडियो संदेश में करपात्री जी महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारत को तत्काल हिन्दू राष्ट्र बनाने की अपील की। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि अयोध्या के धर्माचार्यों का समर्थन मिलने से हस्ताक्षर अभियान मजबूत हुआ है। हिन्दू महासभा ने दस करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने का लक्ष्य रखा है । देश के 18 प्रदेशों में हस्ताक्षर अभियान जारी है । 13 अप्रैल 2023 को हिन्दू महासभा के 109 वें स्थापना दिवस पर 10 करोड़ हस्ताक्षरों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपा जाएगा । ज्ञापन में संसद में विधेयक पारित कर भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग की जाएगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत : परिवार में मचा कोहराम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली क्षेत्र के सूल्हेपुर निवासी एक परिवार के लिए नया वर्ष गम लेकर आया। शनिवार की रात कोतवाली क्षेत्र के परोमा चौरे बाजार के समीप प्रयागराज हाईवे पर हुए सड़क हादसे सूल्हेपुर निवासी रंजीत कुमार प्रजापति पुत्र स्वर्गीय सोहन लाल प्रजापति की मौत हो गई। मृतक रंजीत कुमार प्रजापति अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी कूरेभार थाना क्षेत्र में गया था। वहां से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही परोमा चौरे बाजार के पास पहुंचा तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। हादसे में रंजीत कुमार प्रजापति की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चे बाल–बाल बच गए। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा करके शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## रुदौली से भाजपा विधायक ने मनाया नया साल : मीडियाकर्मियों के साथ किया लंच

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हर साल की तरह इस साल, साल के पहले दिन रुदौली के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने लोगो को नए साल की बधाई देते हुए पत्रकारों के साथ सर्किट हाउस में किया लंच और दी एक दूसरे को बधाई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्र, शक्ति सिंह, खुन्नू पांडेय, हरीश श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख कमलेश यादव, शशि यादव, कृष्ण श्रृंगार पाल, कप्तान तिवारी के अलावा पत्रकारों में वीएन दास दास, केबी शुक्ला, महेंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र तिवारी, अशोक तिवारी, विमलेश तिवारी, केके मिश्र, बनवीर सिंह, मनमीत गुप्ता, जेपी सिंह, अनिल मिश्र, गंगा दिवेदी, अधीर प्रदीप, एस एन सिंह, सतीश पाठक, जेपी गुप्ता, राकेश तिवारी तमाम इलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया के पत्रकार, छायाकार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# नव वर्ष पर नहीं हुआ सूर्य का दर्शन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम के करवट बदलने और आसमान में बादल छाने से लोगों को दिन भर ठंड का अहसास होता रहा। हालांकि बादल छाने से धुंध व तेज हवाओं से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली। ठंड से बचने के लिए लोगों ने अलाव जला कर राहत पाने का प्रयास किया।कई दिनों



से शीतलहर व धुंध से जूझ रहे लोग जब नववर्ष के आगमन पर सोकर उठे, तो आसमान में बादलों का डेरा था। उन्हें शीतलहर व धुंध से राहत मिली। दिन भर सूर्यदेव के दर्शन न होने से उन्हें ठंड का भी पूरा अहसास हुआ।मौसम विभाग के अनुसार जिले का न्यूनतम तापमान करीब छह डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। लोग अपने घरों से निकले और शुभचिंतकों को नववर्ष की बधाई दी। लोगों ने अलाव जला कर राहत की व्यवस्था की। वैसे, धुंध न होने से यातायात की स्थिति थोड़ी बेहतर रही।सब्जी उत्पादक किसान परेशान : ठंड के कारण सब्जी उत्पादक किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभरने लगी हैं। ऐसे मौसम में सब्जी की फसल को नुकसान होने का खतरा पैदा हो गया है। लगातार ठंड बढ़ने से सब्जी उत्पादकों की नींद उड़ गई है। विशेषज्ञों की मानें, तो दो–तीन दिन में तापमान में बदलाव नहीं आया तो सब्जी की फसल को नुकसान हो सकता है। अधिक ठंड रहने से आलू, मटर, टमाटर, हरी सब्जियों को नुकसान होने की आशंका है।बारिश से गेहूं की फसल को फायदा : आसमान में बादल छाने से गेहूं उत्पादक किसानों को आस बंधने लगी है। कृषि अधिकारी पीयूष राय ने बताया इस मौसम में बारिश होने से गेहूं की फसल को बहुत लाभ होगा। बारिश की बूंदें गेहूं की फसल के लिए लाभदायक साबित होंगी।


समस्त क्षेत्र वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

–डा० सुधीर कुमार श्रीवास्तव
(होम्यो पैथिक चिकित्सक)
आरोग्यम क्लीनिक,
कूरेभार, सुलतानपुर, उ0प्र0




समस्त जिले वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

–रमेश कुमार श्रीवास्तव
(एडवोकेट दिवानी न्यायालय)
निवास– ग्राम पूरे परोती लाल, वलीपुर, सुलतानपुर उ0प्र0

समस्त क्षेत्र वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



–आरती श्रीवास्तव
(एएनएम)
पीएचसी वलीपुर, सुलतानपुर

समस्त क्षेत्र वासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

–डा० के० के० दूबे
(चीफ फार्माशिष्ट)
सीएचसी, बल्दीराय, सुलतानपुर



सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।